हिन्दुस्तान

तरक्की को चाहिए नया नजरिया

मवार, 07 अक्तूबर 2013, नगर/नोएडा, पांच प्रदेश, 18 संस्करण

www.livehindustan.com

बिमटेक के साथ काम कर रही रंगनाथन सोसाइटी की ओर से रविवार को एसिड अटैक के खिलाफ रैली निकालते लोग। • अतुल मोदी

महिलाओं पर हो रहे तेजाबी हमलों के खिलाफ अभियान

ग्रेटर नोएडा | वरिष्ठ संवाददाता

बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट टेक्नोलॉजी के साथ काम कर रही संस्था 'रंगनाथन सोसाइटी फॉर सोशल वेलफेयर' ने रविवार को ग्रेटर नोएडा के जगत फार्म में महिलाओं पर हो रहे तेजाब हमलों के खिलाफ जन जागृति रैली का आयोजन किया, जिसमें कॉलेज के छात्रों ने पोस्टर और नारों से तेजाबी हमलों का विरोध करने का आग्रह किया। नाटक मंडली 'फितूर' ने नुक्कड़ नाटक भी किया।

एकजुटता की अपील

- सामाजिक संस्था 'रंगनाथन सोसाइटी' के साथ मिलकर निकाली रैली
- जगत फार्म में नाटक मंडली 'फितूर' ने किया नुक्कड़ नाटक

रैली को सुनीत और फाइटर सपना ने संबोधित किया। सपना ने अपनी कहानी बताते हुए सभी से इस जघन्य अपराध के खिलाफ लड़ाई में उसका साथ देने का आह्वान किया।

जन जागृति रैली

बिमटेक के निदेशक डॉ. हरिवंश चतुर्वेदी ने भीड़ को संबोधित करते हुए कहा कि 'महिलाओं पर हो रहे अपराधों के खिलाफ सभी युवाओं को एकजुट होकर विरोध करना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने तेजाब की बिक्री पर रोक लगा दी है। इसके बावजूद भी तेजाब खुलेआम बिक रहा है। पुलिस और प्रशासन को सख्ती बरतनी चाहिए। समाज में महिलाओं के लिए सम्मान की भावना जागृत करनी होगी। इसके लिए सभी को एकजुट होकर आगे बढ़ना होगा।

मार्केट में नुक्कड़ नाटक देखने के लिए भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों ने छात्रों के प्रयास की सराहना की।